बिहार सरकार (स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय)

# अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग

संoसंo– 1/अनु0 जा0/ज0जा0(परी0शु0)–15–66–01/2012– 50

प्रेषक,

संदीप कुमार आर0 पुडकलकट्टी,
सरकार के सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीर चन्द पटेल मार्ग, पटना ।

पटना, दिनांकः– 18/05/2026

विषयः वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय अन्तर्गत उपबंधित राशि से अनु0 जाति के छात्र/छात्राओं को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना के परीक्षा शुल्क से छूट के फलस्वरूप हुई क्षति की बकाये एवं वर्तमान वर्ष की राशि की प्रतिपूर्ति हेतु उपलब्ध राशि अनु0 जाति के लिए ₹3,50,00,000/– (तीन करोड़ पचास लाख रू0) मात्र की स्वीकृति ।

आदेश-- स्वीकृत।

2-- वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026–27 में अनु0 जाति के लिए उक्त स्वीकृत राशि ₹350.00 लाख स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय के आय–व्ययक मुख्य शीर्ष –2225–अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछडे वर्गों और अल्पसंख्यकों का कल्याण– उपमुख्य शीर्ष–01–अनुसूचित जातियो का कल्याण– लधु शीर्ष--277–शिक्षा–मांग संख्या–44– उपशीर्ष–0011–छात्रवृति और वृतियां– विषय शीर्ष–0011.34. 01–छात्रवृति/वजीफा विपत्र कोड–44–2225012770011 के अन्तर्गत विकलनीय है।

3 – इस राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी जिला कल्याण पदाधिकारी, पटना होंगे।

4– इस योजना के लिए नियंत्री पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त, पटना होंगे।

5– जिला कल्याण पदाधिकारी, पटना राशि की निकासी एवं व्यय वित्त विभाग के द्वारा निर्गत परिपत्र पत्रांक 2561 दिनांक 17–4–98 तथा समय–समय पर वित्त विभाग/राज्य सरकार द्वारा निर्गत अन्य परिपत्रों में निहित निदेशों के आलोक में करेंगे। वे वित्तीय वर्ष 2025–26 में आवंटित राशि के विरुद्ध उपयोगिता प्रमाण पत्र प्राप्त कर उससे संतुष्ट होकर तथा मांग की जांच करने के पश्चात ही राशि विमुक्त करेंगे। साथ ही उपयोगिता प्रमाण पत्र निदेशक, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग को भेजा जायेगा।

6–इस राशि की स्वीकृति आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति सं0–1/अनु0 जा0/ज0जा0(परी0शु0)–15–66–01/2012 के पृष्ठ– /टि0 पर प्राप्त है।

7– सभी संबंधित पदाधिकारियों को इस राशि की स्वीकृति की सूचना दी जा रही है।

8– कृपया पत्र प्राप्ति की सूचना दी जाय ।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

14.05.26

सरकार के सचिव

ज्ञापांक–1/अनु0 जा0/ज0जा0(परी0शु0)–15–66–01/2012– 50 पटना–15, दिनांक– 18/05/2026

प्रतिलिपि–वित्त विभाग (बजट शाखा), बिहार, पटना/सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना/निदेशक, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग, बिहार, पटना/प्रमंडलीय आयुक्त, पटना/जिला पदाधिकारी, पटना/उप विकास आयुक्त, पटना /प्रमंडलीय उप निदेशक (कल्याण), पटना/जिला कल्याण पदाधिकारी, पटना/जिला कोषागार पदाधिकारी, पटना /बजट शाखा, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग/सांख्यिकी कोषांग, अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग/आई0 टी0 मैनेजर अनु0 जाति एवं अनु0 जनजाति कल्याण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

14.05.26

सरकार के सचिव